Regarding establishment of an International Society in the name of Pandit Premnath Dogra in his native village Samailpur, Samba in Jammu and Kashmir

श्री जुगल किशोर **(जम्मू) :** माननीय सभापति महोदय, मैं सरकार का ध्यान जम्मू-कश्मीर के महापुरुष पंडित प्रेमनाथ डोगरा जी को ओर दिलाना चाहता हूं, जो हमारे आदर्श भी हैं । पंडित प्रेमनाथ डोगरा जी ने जम्मू-कश्मीर में एक विधान, एक निशान और एक प्रधान की लड़ाई लड़ी थी, जिसमें अभी कामयाबी भी मिली है । वह हमारे आदर्श हैं । मैं सरकार से मांग करता हूं कि पंडित प्रेमनाथ डोगरा जी के पैतृक गांव समैलपुर, सांबा में उनके नाम से एक इंटरनेशनल स्टेडियम बनाया जाए ताकि समाज को एक अच्छा मैसेज जाए और बच्चों व नौजवानों को वहां पर खेल प्रतियोगिता करने का भी मौका मिले । धन्यवाद ।